तापमान

अधिकतम 33.7 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

11 सरकार की चुप्पी पर जताया विरोध



12 मैया री मैया एक छोटा सा खिलौना दिलवा दो...



## खबर संक्षेप

### ठेकेदार पर दो भाइयों ने किया हमला, केस दर्ज

**सोनीपत।** कुंडली क्षेत्र में ठेकेदार ने दो भाइयों पर हमला करने का आरोप लगाया है। ठेकेदार का आरोप है कि चेहरे पर चोट लगने से नाक की हड्डी में फ्रैक्चर हुआ है। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। मूलरूप से बिहार के जिला दरभंगा हॉल कुंडली की शिवपुरी कॉलोनी निवासी संजय दास ने पुलिस को बताया कि वह लेबर ठेकेदारी का काम करते हैं। उन पर देव कुमार और मिंटू ने हमला किया है। दोनों आरोपियों ने उन्हें धमकी दी थी कि उनकी लेबर से उनका पैसा ले रखा है। अगर लेबर ने पैसे वापस नहीं किए तो वह उनकी पिटाई करेंगे और उन्हें कुंडली में काम करने नहीं देंगे। जब संजय ने समझाने की कोशिश की तो दोनों भाइयों ने उन पर हमला कर दिया।

### गाड़ी के शीशे तोड़ सामान व बैट्री चोरी

**गोहाना।** खानपुर-कासंडी मार्ग पर खड़ी एक गाड़ी के शीशे तोड़कर बैट्री, जैक व अन्य सामान चोरी कर लिया। गन्नौर के अगवानपुर गांव निवासी राहुल ने पुलिस को बताया कि उसकी गाड़ी खानपुर से कासंडी गांव के बीच सडक़ पर खड़ी थी। उसकी गाड़ी दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। वहां से 9 अक्टूबर की रात को किसी ने गाड़ी के शीशे तोडक़र बैटरी, स्टैपनी, स्टीरियो, जैक व नंबर प्लेट चोरी कर ली। पुलिस ने शिकायत दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### मोबाइल चोरी कर 80 हजार रुपये निकाले




**सोनीपत।** गांव बढ़मलिक में एक श्रमिक का मोबाइल चोरी कर खाते से 80 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। मूलरूप से उत्तर प्रदेश के जिला मथुरा के गांव भरूगढ़ निवासी ओमबीर सिंह ने राई थाना पुलिस को बताया कि गांव बढ़मलिक में सुमित के मकान में किराए पर रहते हैं। ओमबीर ने बताया कि वह मोबाइल को चार्जिंग पर लगा कर सो गए थे। जब उन्होंने सुबह आंख खोली तो मोबाइल गायब था। बाद में अपने बैंक अकाउंट की जांच करने पर उन्हें पता चला कि उनके बैंक खाते से 80 हजार रुपये निकाल लिए गए हैं। उन्होंने मामले से राई थाना पुलिस को अवगत कराया। राई थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस खाते से नकदी निकालने वाले का पता लगा रही है।

# 'जन विश्वास-जन विकास रैली' की तैयारियां अंतिम चरण में, प्रशासन ने कसी कमर

## ■17 को आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया ने रैली स्थल का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

हरियाणा में तीसरी बार मौजूदा सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर राई स्थित एजुकेशन सिटी में आगामी 17 अक्तूबर को आयोजित होने वाली 'जन विश्वास जन-विकास रैली' की तैयारियां जोरो पर है। तैयारी का जायजा लेने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान व भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सभी तैयारियां का विस्तृत निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मुख्य मंच, पंडाल, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा इंतज़ाम, पेयजल, चिकित्सा सहायता, विद्युत व्यवस्था, आपातकालीन सेवाएं, मीडिया सेंटर और जनसुविधाओं की तैयारियों का जायज़ा लिया।



### वालंटियर्स रहेंगे तैनात

भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया ने कहा कि कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर पार्टी द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई है। कार्यक्रम स्थल पर मदद करने के लिए भाजपा के वालंटियर मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह जिला प्रशासन के साथ मिलकर इस रैली को ऐतिहासिक बनाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, भाजपा के वरिष्ठ नेता माई राम कौशिक, युवा नेता तरुण देवी दास, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, डीसीपी प्रबीना पी सहित संबंधित सभी अधिकारी मौजूद रहे।

### रैली के मुख्य मंच के निर्माण कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

रैली स्थल पर मुख्य मंच के निर्माण कार्य को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वीआईपी प्रवेश द्वार, आमजन के प्रवेश मार्ग और पार्किंग क्षेत्र के समुचित निर्धारण के साथ-साथ बैरिकेडिंग और सुरक्षा घेराबंदी की रूपरेखा भी तय कर ली गई है। यातायात पुलिस द्वारा रैली के दिन विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है, ताकि राई क्षेत्र और आसपास के मार्गों पर यातायात सुचारू बना रहे। रैली स्थल पर भव्य मंच, साउंड सिस्टम, लाइटिंग और सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्थाएं आधुनिक तकनीक के अनुरूप की जा रही हैं।वहीं भाजपा नेता ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रैली में आने वाले नागरिकों, कार्यकर्ताओं और विशिष्ट अतिथियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।कार्यक्रम की तैयारियों में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग व अन्य विभाग जुटे हुए है।

## त्योहारी रंग में रंगा सोनीपत, सजे बाजारों में उमड़ी रौनक, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

# अहोई अष्टमी से लेकर दीपावली तक खरीदारी का सिलसिला, बाजारों में स्वदेशी का क्रेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दीपोत्सव नजदीक आते ही शहर के बाजार रोशनी और रंगों से नहा उठे हैं। बंदनवार, झालर, कंडील, आर्टिफिशियल फूलों की लड़ियां और रंग-बिरंगी लाइटों से सजी दुकानों ने बाजारों को उत्सवमय बना दिया है। रविवार को अहोई अष्टमी पर्व की तैयारियों को लेकर महिलाओं की भारी भीड़ बाजारों में देखने को मिली। महिलाएं पूजन सामग्री, साड़ी, सूट और अहोई प्रतिमाओं की खरीदारी करती नजर आईं। सोमवार को महिलाएं संतान की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना के लिए अहोई अष्टमी का व्रत रखेंगी। शहर के कच्चे क्वार्टर मार्केट, मामा-भांजा चौक, गंज बाजार, गुड़ मंडी बाजार, गोहाना रोड और सेक्टर-14 मार्केट में दिवाली के सामान की खरीदारी के लिए लोगों की चहल-पहल बढ़ गई है। इस बार बाजार में विदेशी की बजाय स्वदेशी सामान की मांग ज्यादा देखने को मिल रही है। दुकानदारों ने बताया कि लोग घरों को आकर्षक बनाने के लिए मिट्टी, बांस और फैब्रिक से बने देसी सजावटी आइटम को प्राथमिकता दे रहे हैं।



### दिल्ली-मेरठ से आया त्योहारों का सामान

सोनीपत का बाजार अब दीपावली की चमक से जगमगा उठा है, जहां हर दुकान, हर गली और हर चेहरा त्यौहार की खुशी से दमक रहा है।दुकानदार गगन, राकेश और नरेश कुमार ने बताया कि अधिकांश साज-सज्जा का सामान दिल्ली और मेरठ से मंगवाया गया है। दुकानों पर बंदनवार 50 से 400 रुपये, झालर 80 से 250 रुपये, कंडील 100 से 450 रुपये और आर्टिफिशियल फूलों की लड़ियां 60 से 280 रुपये तक में उपलब्ध हैं। ग्राहकों को इस बार रंगीन एलईडी लाइटें और पारंपरिक मिट्टी के दीये विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं।

### मिट्टी से बनी अहोई की रही विशेष मांग, कैलेंडर भी बिक रहे

अहोई अष्टमी को लेकर मिट्टी से बनी सजी हुई अहोई की खूब बिक्री हुई। विक्रेता संतोष देवी और सुषमा ने बताया कि महिलाएं इस बार सजी हुई अहोई प्रतिमाएं अधिक खरीद रही हैं। बाजार में अहोई 30 से 250 रुपये तक की कीमत पर उपलब्ध है। इसके साथ ही पूजन सामग्री, व्रत कथा की किताबें और कैलेंडर की भी मांग रही।

### *ऑनलाइन छूट ने बढ़ाया आकर्षण*

*त्योहारी सीजन में ऑनलाइन बाजार भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। गृहिणी अनीता, सोनाली, तन्नु और आस्था ने बताया कि ऑनलाइन साज-सज्जा का सामान उन्हें बाजार से सस्ते दामों पर मिल रहा है। दिवाली के मद्देनजर कई कंपनियां 30 से 50 प्रतिशत तक की छूट दे रही हैं, जिससे घर बैठे ही खरीदारी का उत्साह बढ़ा है।*

# खरखौदा की पेयजल आपूर्ति 5वें दिन भी ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

शहर में पेयजल की सप्लाई पांचवें दिन भी पूरी तरह से बहाल नहीं हो पाई है। मुख्य पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण पानी की सप्लाई नहीं दी जा सकी। दिल्ली मार्ग पर पुलिया सफाई के दौरान यह मुख्य पाइपलाइन टूट गई थी। नगर पालिका के ठेकेदारों की लापरवाही और जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के कारण शहर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जन स्वास्थ्य विभाग की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो विभाग हाथ खड़े कर देता है और पेयजल सप्लाई राम भरोसे छोड़ देता है। जिससे एक तरफ जहां प्रतिदिन काम भी रुक जाते हैं, वहीं दूसरी तरफ जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई अन्य विकल्प भी नहीं अपनाया जाता है। ऐसी स्थिति कई बार पहले भी आ चुकी है लेकिन प्रशासन का इस तरफ कोई ध्यान नहीं है।



### लीकेज की चुनौती

मौजूदा हाल में जो पाइपलाइन जोड़ी गई है। वह फिलहाल लीकेज है और विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उसे ऐसे ही छोड़ना चाहते हैं। नाले के अंदर यह पाइपलाइन है।अब आने वाले समय में अगर इसे ऐसे ही छोड़ जाता है, तो गंदा पानी इस पाइपलाइन में जाएगा और वही गंदा पानी लोगों के घरों में सप्लाई होगा। जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ सुदेश कुमारी का कहना है कि कोशिश करेंगे कि इस लीकेज को भी दूर किया जाए। लेकिन जिस हिसाब से यह लीकेज है इंजीनियर बता रहे हैं कि यह लीकेज फिलहाल ठीक होने वाली नहीं है। इसलिए आगे आने वाले समय में लोगों को और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। उधर भुक्तभोगी लोग विधायक पवन खरखौदा को बार बार इस बारे में शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्दी ही पेयजल सप्लाई बहाल की जाएगी।

# मशरूम फार्म से एसी व अन्य सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

गांव खेवड़ा बाइपास स्थित मशरूम फार्म से चोर एसी और चार कंप्रेशर चोरी कर ले गए। ड्यूटी पर तैनात चौकीदार ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। बहालगढ़ थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुलिस ने केस दर्ज किया

उत्तर प्रदेश के जिला शामली के गांव लिसाढ़ निवासी किरणपाल ने बहालगढ़ थाना में मुकदमा दर्ज कराया है कि वह खेवड़ा रोड स्थित मशरूम फार्म हाउस में चौकीदार हैं। उनकी ड्यूटी रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक थी। किरणपाल ने पुलिस को बताया कि रात करीब दो बजे उनकों नींद आ गई। जब वह सुबह करीब पांच बजे उठे और परिसर का निरीक्षण किया तो कमरे में लगा विंडो एसी गायब मिला। इसके बाद जब उन्होंने जांच की तो पाया कि मशरूम फार्म में लगे शीतलन संयंत्र (प्लांट) के चार कंप्रेशर भी गायब हैं। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना सुरक्षा प्रभारी रामबीर दहिया को दी। सूचना मिलते ही सुरक्षा प्रभारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। जिसके बाद पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मानव सेवा ट्रस्ट का स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**सोनीपत।** मानव सेवा ट्रस्ट, सोनीपत द्वारा बहालगढ़ स्थित एक निजी कंपनी में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 13 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगा। इस अवसर पर सिविल अस्पताल, सोनीपत की टीम डॉ. भानु शर्मा के नेतृत्व में, रक्त संग्रह कार्य संपन्न करेगी। कार्यक्रम के चेयरपर्सन राकेश शर्मा होंगे। कार्यक्रम का समन्वय मानव सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष सुमीत अलख करेंगे। ट्रस्ट शिविर में हिस्सा लेने का न्योता दिया है।

# पुगथला में बुजुर्ग पर ईंट से हमला, गंभीर

**गन्नौर।** गांव पुगथला में एक व्यक्ति द्वारा बुजुर्ग पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में शिकायत मिलने पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हरिओम गांव पुगथला ने बताया कि 10 अक्टूबर 2025 को आरोपी संदीप पुत्र इंद्र सिंह निवासी गांव पुगथला ने उसके पिता पर ईंट से हमला किया। शिकायत के मुताबिक, आरोपी संदीप ने हरिओम के पिता के साथ पहले झगड़ा किया और इसके बाद जान से मारने की नियत से ईंट से उनके सिर पर वार किया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

### पुलिस ने बयान दर्ज किए

घटना की सूचना मिलते ही परिजन घायल अवस्था में बुजुर्ग को स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज चल रहा है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने विभिन्न धारा के तहत मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और संबंधित पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। आरोपी संदीप की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गोवा के साहसिक शिविर के लिए सोनीपत के 22 विद्यार्थी रवाना

इस दल में 13 छात्राएं और 9 छात्र शामिल। ऑनलाइन पोर्टल से हुआ सभी का चयन

# 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों से चयनित छात्र-छात्राएं लेंगी भाग, टूर में मिलेंगे प्रकृति व रोमांच के नए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले के 11 पीएमश्री राजकीय विद्यालयों के 22 विद्यार्थियों का दल रविवार को गोवा के साहसिक और प्राकृतिक अध्ययन शिविर के लिए रवाना किया गया। इस दल में 13 छात्राएं और 9 छात्र शामिल हैं, जिन्हें विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से मेरिट के आधार पर चयनित किया गया। विद्यार्थी 15 से 20 अक्तूबर तक गोवा में आयोजित पांच दिवसीय शिविर में भाग लेंगे, जहां वे विभिन्न साहसिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

विद्यार्थियों को रवाना करने से पहले जिला सहायक परियोजना संयोजक डॉ. अत्तर सिंह और अमित भनवाला ने बस अड्डा सोनीपत पर विद्यार्थियों से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पीएमश्री राजकीय विद्यालय दातौली से प्रीति, बडौली से सूची गोयल और अभिभावक भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों का दल सोनीपत से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचकर वहां से गोवा के लिए रवाना हुआ। विद्यार्थियों की सुरक्षा और मार्गदर्शन के लिए दर्शन कुमारी को अनुरक्षक शिक्षक (एस्कॉर्ट टीचर) के रूप में साथ भेजा गया है।




### टीम भावना का विकास होगा

डॉ. अत्तर सिंह ने बताया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में हर वर्ष विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के अध्ययन शिविर आयोजित किए जाते हैं, ताकि उन्हें प्राकृतिक परिवेश, ऐतिहासिक स्थलों और साहसिक गतिविधियों का अनुभव प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, टीम भावना और भौगोलिक ज्ञान को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होते हैं। वापसी पर विद्यार्थी अपने-अपने विद्यालयों में इस शिविर के अनुभव साझा करेंगे, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी नई प्रेरणा और ज्ञान प्राप्त होगा।

### रोमांचक गतिविधियां होंगी

गोवा में होने वाले इस पांच दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों को प्रतिदिन 20 से 22 किलोमीटर की ट्रैकिंग करवाई जाएगी। साथ ही पैरासेलिंग, रॉक क्लाइंबिंग, बैलेंसिंग ब्रिज, निशानेबाजी, घुड़सवारी और अन्य साहसिक खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में साहस, अनुशासन और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य रखा गया है।

### इन विद्यालयों से विद्यार्थी चयनित

शिविर के लिए जिला के विभिन्न खंडों के पीएमश्री राजकीय विद्यालयों से विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इनमें पीएमश्री राजकीय विद्यालय बेगा, राजकीय कन्या विद्यालय दातौली, राजकीय कन्या विद्यालय मुरथल, राजकीय कन्या विद्यालय मुरथल अड्डा, राजकीय विद्यालय बड़ौली, राजकीय विद्यालय कुंडली, राजकीय विद्यालय अकबरपुर बारोटा, राजकीय विद्यालय खरखौदा, राजकीय विद्यालय गढ़ी उजाले खां, राजकीय कन्या विद्यालय फरमाना और राजकीय विद्यालय छतहेरा शामिल हैं।

विद्यार्थी 15 से 20 अक्तूबर तक गोवा में आयोजित पांच दिवसीय शिविर में भाग लेंगे, जहां वे विभिन्न साहसिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे

### एस्कॉर्ट टीचर भी साथ जाएंगे

साहसिक शिविर के लिए गोवा भेजे गए सभी प्रतिभागियों को अनुशासन में रहने व एस्कॉर्ट टीचर के अनुसार हर गतिविधि में सावधानीपूर्वक भाग लेने के निर्देश दिए गए हैं। सभी को साहसिक व प्राकृतिक अध्ययन के अनुभव, सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है। प्रत्येक विद्यार्थी हर गतिविधि में भाग लेकर प्रदेश व जिले का नाम रोशन करेंगे। इससे विद्यार्थियों का व्यक्तित्व के साथ सर्वांगीण विकास होगा। -सुजाता खत्री
जिला परियोजना संयोजक, सोनीपत

# रॉड से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार, केस

**सोनीपत।** थाना शहर सोनीपत पुलिस ने युवक के साथ लाठी-डंडों और रॉड से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में संलिप्त छठे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अमन पुत्र जसमेर निवासी जुआ, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 8 अगस्त 2025 को तनुज पुत्र धर्मबीर निवासी गांव चिटाना ने थाना शहर सोनीपत में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 7 अगस्त को वह शाम लगभग 6 बजे सिटी सेंटर गोहाना रोड स्थित जिम जा रहा था, तभी नीरज पुत्र कुलदीप, अंकित पुत्र कुलदीप, अंशु पुत्र हरबीर, सुधीर पुत्र हरबीर और उनके साथियों ने उस पर लोहे की रॉड, चाकू और पिस्टल से जानलेवा हमला किया। तनुज ने बताया कि आरोपियों ने उसे धमकी दी कि वे उसके परिवार को भी नुकसान पहुंचाएंगे।




### मामले के पांच आरोपी पहले हो चुके गिरफ्तार

इस मामले में थाना शहर सोनीपत पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। जांच अधिकारी उप-निरीक्षक परविंद की टीम ने पहले ही पांच आरोपितों नितिश, अभिषेक, सुधीर, अर्विन और अंकित को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की लगातार खोजबीन के बाद अब छठा आरोपित अमन भी गिरफ्त में आ गया है। पुलिस का कहना है कि शेष आरोपियों की तलाश जारी है, उन्हे जल्द पकड़ा जाएगा।

# परंपरा और विश्वास का लोकपर्व है अहोई अष्टमी

**हरियाणा एक ऐसा प्रदेश है जहां त्योहार केवल रस्म नहीं होते, बल्कि सामाजिक तालमेल और खुशियों का प्रतीक भी होते हैं। माताएँ अपनी संतान की दीर्घायु के लिए अहोई माता का व्रत रखती हैं। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में "होई माता" की कथा और पारंपरिक चित्रांकन का विशेष महत्व है।**



पर्व

दिनेश शर्मा 'दिनेश'



हरियाणा अपनी संस्कृति, परंपराओं और त्योहारों के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की मिट्टी में मेहनत, वीरता और अपनेपन के साथ-साथ अतीत से ही सांस्कृतिक सुगंध भी बसी है। इसीलिए हरियाणा के लोग न केवल कृषि और खेलों में अग्रणी है बल्कि अपने धार्मिक और सांस्कृतिक त्योहारों को पूरे हर्षोल्लास से मनाने के लिए भी जाने जाते हैं। हरियाणा एक ऐसा प्रदेश है जहां त्योहार केवल रस्म नहीं होते, बल्कि सामाजिक तालमेल और खुशियों का प्रतीक भी होते हैं। लोग पारंपरिक लोक गीतों, नृत्यों और सादगी भरे रीति-रिवाज़ों से त्योहारों को जीवंत बना देते हैं।

यहाँ त्योहार केवल पूजा तक सीमित नहीं, बल्कि गाँवों में सामूहिक एकता, रिश्तों की मजबूती और परंपराओं की निरंतरता का प्रतीक हैं। इसके अलावा यह जानना रोचक होगा कि हरियाणा में हर त्योहार को मनाने के पीछे कुछ वैज्ञानिक, सामाजिक अथवा सांस्कृतिक कारण रहते हैं। फिर चाहे होली, दीवाली, गोवर्धन पूजा, बासोड़ा, शीतला अष्टमी, धुलेंडी, तीज, रक्षाबंधन, भाईदूज, करवा चौथ, नवरात्र, बसंत पंचमी हो या अहोई अष्टमी। गौरतलब है कि हरियाणवी संस्कृति में नारी जाति का विशेष सम्मान है। माँ, बहन और बेटी के रूप में नारी को शक्ति और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। तीज, रक्षाबंधन, करवा चौथ जैसे अनेक पर्व स्त्रियों की श्रद्धा तथा विश्वास का प्रतीक हैं और उन्हीं में से एक है 'अहोई अष्टमी' अहोई अष्टमी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाने वाला त्योहार है जो दिवाली से लगभग 8 दिन पहले। सनातन पंचांग के अनुसार, यह तिथि करवा चौथ के ठीक चार दिन बाद और दिवाली से सात-आठ दिन पहले आती है।

अहोई अष्टमी मुख्यतः उत्तर भारत में बड़े श्रद्धाभाव से मनाई जाती है। यह पर्व विशेष रूप से हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान और बिहार में अत्यंत लोकप्रिय है, जहाँ माताएँ संतान की दीर्घायु के लिए अहोई माता का व्रत रखती हैं। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में "होई माता" की कथा और पारंपरिक चित्रांकन का विशेष महत्व है। मध्य प्रदेश और गुजरात में भी उत्तर भारतीय परिवारों के बीच यह परंपरा प्रचलित है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में भी अहोई अष्टमी का व्रत किया जाता है। भारत के बाहर, फिजी, मॉरीशस, सूरीनाम, कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देशों में बसे भारतीय समुदाय भी इस पर्व को उतनी ही आस्था से मनाते हैं। हरियाणा के साथ-साथ सम्पूर्ण भारत इस वर्ष की अहोई अष्टमी आज सोमवार 13 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को मना रहा है।

इस दिन माताएँ व्रत रखती हैं और अहोई माता की पूजा करके अपने बच्चों की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना करती हैं। पावन भाव से व्रत करते हुए महिलाएं अपने घरों में बच्चों के लिए विशेष व्यंजन भी बनाती हैं। अहोई अष्टमी की सुबह महिलाएँ स्नान कर निर्जला व्रत आरंभ करती हैं और शाम को तारों के दर्शन के बाद ही व्रत खोलती हैं। माना जाता है कि अहोई माता की पूजा करने से संतान की रक्षा होती है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। अहोई अष्टमी के दिन "अहोई कथा" सुनने की भी परंपरा है। शाम के समय गाँव की महिलाएँ एकत्र होकर अहोई माता की कथा का वाचन करती हैं। इस सन्दर्भ में प्रचलित लोक कथा के अनुसार, एक बार एक स्त्री जंगल में मिट्टी खोदने गई थी। अनजाने में उसके फावड़े से एक साही (या शेरनी के बच्चे) को चोट लग गई और वह मर गया। उस स्त्री को शाप मिला कि उसकी संतान जीवित नहीं रहेगी। दुःखी होकर जब उसने पश्चाताप किया, तो उसे बताया गया कि वह कार्तिक कृष्ण अष्टमी के दिन अहोई माता की पूजा करे। स्त्री ने श्रद्धा से व्रत रखा और माता की कृपा से उसे संतान सुख प्राप्त हुआ। तभी से यह व्रत अहोई अष्टमी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। कथा के बाद सात बार "अहोई माता की जय" बोलकर माताएँ अपने बच्चों के नाम लेती हैं और माता से उनकी रक्षा और लंबी आयु की प्रार्थना करती हैं।

अहोई अष्टमी का पर्व बड़े श्रद्धा के साथ जनमानस को लोककला से जोड़ने का कार्य करता चला आ रहा है। हरियाणा के कई इलाकों में अहोई अष्टमी लोककला का भी सुंदर प्रदर्शन बन जाती है। इस दिन महिलाएँ अपने घरों में दीवार या कागज़ पर अहोई माता की आकृति बनाती हैं। यह चित्र गेरू, चावल के घोल या मिट्टी से पारंपरिक लोककला शैली में बनाया जाता है। चित्र में माता के साथ सात बिंदियाँ बनाई जाती हैं, जो सात संतान या सात पीढ़ियों का प्रतीक मानी जाती हैं। बाघ या साही का चित्र अहोई माता का वाहन दर्शाता है। महिलाएँ अहोई माता की आकृति पारंपरिक शैली में बनाती हैं, उसके आगे जकरी रखती हैं और चाँदी की "श्यो माता की माला" भी रखती हैं। घर में जितने बच्चे हों उतनी ही चांदी से बनी पत्तियाँ माला में डालकर इन पर पहनाई जाती हैं या यह माला विवाहित स्त्रियाँ संतान प्राप्ति की कामना से धारण करती हैं। मिट्टी की "जकरी" बनाई जाती है जिसे पूजा के बाद जलाशय में विसर्जित किया जाता है। हालांकि मिट्टी की "जकरी" का स्थान आजकल लगभग सब जगह धातु के बने छोटे कलश ने ले लिया है।

अहोई माता की आकृति पारंपरिक शैली में बने चित्र के आगे दो "जकरियाँ" रखी जाती हैं, एक में पानी और दूसरी में अनाज या भोजन सामग्री। पूजा के समय इन जकरियों में दीपक जलाकर माता की आराधना की जाती है, प्रसाद चढ़ाया जाता है और कथा सुनने के बाद सभी महिलाएँ एक-दूसरे को शुभकामनाएँ देती हैं। पूजा के बाद इन्हें अहोई माता के आगे रखा जाता है और भाई दूज के दिन "पानी वाली जकरी" का जल घर में छिड़का जाता है।



**हरियाणा की लोक परंपरा में "बाणा काढ़ना" भी अहोई अष्टमी के दिन की जाने वाली परम्पराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। "बाणा" जिसमें महिलाएं इस दिन सास और ननद बहू को श्रृंगार सामग्री जैसे चूड़ियाँ, बिंदी, सिंदूर, मिठाई, कपड़े या नारियल भेंट करती हैं। यह प्रथा परिवार में प्रेम और अपनापन बढ़ाने का प्रतीक मानी जाती है। हरियाणा में यह कहावत प्रचलित है "सासू देवे बाणा, बहू राखे व्रत निभाणा।"**

ऐसा माना जाता है कि इससे घर का वातावरण पवित्र रहता है और बच्चों की सुरक्षा होती है। इस परंपरा में हरियाणा के लोगों की आस्था और घरेलू संस्कारों की गहराई झलकती है। हरियाणा की लोक परंपरा में "बाणा काढ़ना" भी अहोई अष्टमी के दिन की जाने वाली परम्पराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। "बाणा" जिसमें महिलाएं इस दिन सास और ननद बहू को श्रृंगार सामग्री जैसे चूड़ियाँ, बिंदी, सिंदूर, मिठाई, कपड़े या नारियल भेंट करती हैं। यह प्रथा परिवार में प्रेम और अपनापन बढ़ाने का प्रतीक मानी जाती है। हरियाणा में यह कहावत प्रचलित है "सासू देवे बाणा, बहू राखे व्रत निभाणा।" इससे परंपरागत ढंग से बड़ों के प्रति सम्मान की भावना का विकास भी होता है।

जन सामान्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरियाणा के विभिन्न जिलों में अहोई अष्टमी की अपनी अलग-अलग लोक परंपराएँ हैं। रोहतक और झज्जर क्षेत्र में महिलाएँ अहोई माता का चित्र चाँदी के फ्रेम में रखकर पूजा करती हैं और "सात अनाज" जैसे गेहूँ, चावल, मूँग, सरसों, तिल, दालें और जौ का दान देती हैं। भिवानी और सिरसा में बच्चों के हाथ में सुई-धागा बंधवाने की परंपरा है, जो सुरक्षा का प्रतीक माना जाता है। वहाँ पूजा के समय हलवा-पूरी का भोग लगाया जाता है और बाद में बच्चों को खिलाया जाता है। पानीपत, करनाल और कुरुक्षेत्र की महिलाएँ शाम को मंदिरों में एकत्र होकर सामूहिक रूप से आरती गाती हैं और इसे दीवाली की तैयारियों की शुरुआत मानती हैं। रेवाड़ी, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहरी क्षेत्रों में अब प्रिंटेड या डिजिटल चित्रों से पूजा की जाती है, लेकिन भाव वही रहता है बच्चों की सुरक्षा और परिवार की समृद्धि की कामना।

इस अवसर पर पूजा के बाद महिलाएँ गरीबों या जरूरतमंदों को भोजन, कपड़े या अनाज दान करती हैं और बड़ों के चरण छूकर आशीर्वाद लेती हैं। कई जगहों पर महिलाएँ अपने आँगन में मिट्टी के बने छोटे-छोटे दीयों की कतार लगाती हैं जिन्हें "अहोई दीए" कहा जाता है। तारे निकलने के बाद माताएँ बच्चों के नाम लेकर तारों को अर्घ्य देती हैं। इस तरह अहोई अष्टमी हरियाणा में न केवल धार्मिक श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि परिवारिक एकता, स्त्री के त्याग और मातृत्व की भावनाओं का उत्सव भी है। यह पर्व पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलती आ रही उस संस्कृति का प्रमाण है, जिसमें स्त्री अपने परिवार के सुख और संतानों के कल्याण के लिए तप और भक्ति दोनों को समान भाव से निभाती है। अहोई माता की पूजा केवल एक व्रत नहीं, बल्कि प्रेम, आस्था और मातृत्व की अखंड परंपरा है जो हरियाणा की मिट्टी में आज भी उसी भाव से जीवित है।

---

संस्कृति | रामबीर सिंह 'राम'



## लोकगीतों में 'कातक'

राम-राम! हरियाणवियों अथवा भारतीयों के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में बसे भारतवंशियों के लिए दिवाली का पावन पर्व का उल्लास, उत्साह और विश्वास उनके जीवन का अंग है। इसलिए दिवाली मनाने के बारे में कुछ कहना या लिखना बेमानी-सा प्रतीत होता है। इस पर भी उन हरियाणा के लोगों की बात करें जो अपने दिन की शुरुआत से लेकर किसी से अभिवादन तक 'राम' के अतिरिक्त किसी और शब्द को स्थान न देते हों तो थोड़ा और हैरानी की बात होगी। दरअसल, भारत में दीपावली केवल एक दिन का पर्व नहीं, बल्कि पांच दिन का उत्सव अर्थात 'पंचोत्सव' है, जो कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि से लेकर शुक्ल पक्ष की द्वितीया तक मनाया जाता है।

ऐसे में जब दिवाली को लेकर हम हरियाणा की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि देखते हैं तो वह आह्लादित कर देती है। जहाँ पूरा कार्तिक माह ही एक उत्सव प्रतीत होता है और इसे पवित्र और पुण्यदायी महीना माना जाता है। हरियाणा में कार्तिक के माह के लोकगीत प्रचलन में हैं। इन लोकगीतों की जड़ें उतनी ही गहरी हैं, जितनी उसकी कृषि परंपरा। जब कार्तिक का महीना आता है, तो गाँवों की सुबह सरोवरों की कलकल ध्वनि और लोकनारी के स्वर से गूंज उठती हैं। महिलाएं भोर में सूर्योदय से पूर्व सरोवरों में 'कातक न्हाण' यानि स्नान के लिए जाती हैं। 'कातक न्हाण' के लिए महिलाएँ प्रातःकाल मिट्टी के दीप जलाकर, हाथों में पूजन सामग्री लिए, समूहों में एकत्र होती हैं। उनके कंठ से फूटते हैं वे मधुर हरियाणवी गीत जो पीढ़ियों से विरासत बनकर चले आ रहे हैं। एक ऐसा सुप्रसिद्ध गीत देखिए .....

*राम अर लछमण दशरथ के बेटे*
*दोन्यूं बणखंड जां,*
*हे जी कोई राम मिलै भगवान,*
*एक बण चाले दो बण चाले*
*तीजे में लग आई प्यास,*
*हे जी कोई राम मिलै भगवान,*

इसी प्रकार एक और गीत में तुलसी पूजा पर देखें..

*....तुलसां माता तैं सुख दाता*
*बिडला सीजूं तेरा*
*तैं कर निस्तारा मेरा*
*किरसन जी का कांधा दइओ*
*पीताम्बर की धोती दइओ*
*बैकुंठ का बासा दइओ*
*हो ज्या निस्तारा मेरा*
*बिडला सीजूं तेरा*

ऐसा ही एक और लोकगीत देखें ....

*सत की साथण पाणी नै चाली, या तुलसां गैल होली हो राम*
*भरण गई जल जमना की झारी हो राम*
*सत की साथण न्यू उठ बोली या तुलसां ओड कुवारी हो राम*
*भरण गई जल जमना की झारी हो राम*

*कार्तिक स्नान पर ही एक गीत अद्भुत है जो आम जन-*
जीवन की स्थितियां परिभाषित करता है ....

*आओ राधा नहाण चलां, मेरे राम*
*म्हारा तो नहीं ए चलान,दूधां मैं रम रही मेरे राम।*
*दूधां का कैसा हे गमान,आवै बिलाई पी जावै हरे राम।*

कातक के महीने के कुछ लोकगीत यहाँ उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किए हैं। ये केवल बानगी हैं। अन्यथा हरियाणवी लोकगीतों की सरिता निरंतर प्रवाहमयी है, जिसमें श्रद्धा के साथ-साथ गृहस्थ जीवन की सादगी और ग्रामीण स्त्री की भावनाओं का संगीत भी बहता है। ये गीत न केवल स्नान की विधि का अंग हैं, बल्कि लोकभक्ति, आस्था और सामाजिक एकता के जीवंत प्रतीक हैं, जिसमें कार्तिक न्हाण के गीत भी इसी भावधारा के प्रतीक हैं। इन गीतों में रामभक्ति और कृष्णभक्ति का माधुर्य, नदियों का पवित्र स्पर्श और खेत-खलिहान की गंध घुली है। जो हमारी गाँव की आत्मा, नारी की श्रद्धा और संस्कृति की निरंतरता के सजीव प्रमाण हैं।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

प्रकाश | **जब दिवाली की रात नै हजारां दीये जलैं सैं, तो वे सिर्फ अन्धेरे नै दूर कोनी करदे, बल्कि म्हारे मन म्ह उम्मीद जगावैं सैं**



# दीया : म्हारी सनातन संस्कृति की अमर ज्योत

परंपरा | जयदेव राठी भराण

माट्टी के उस छोट्टे से दीये म्ह जो ज्योत जलैं सै, वा सिर्फ उजाला कोनी, बल्कि म्हारी सनातन संस्कृति की आत्मा सै। जब कोए दीया जलैं सै, तो वो सिर्फ अन्धेरे नै दूर कोनी करदा, बल्कि अपणे भित्तर के अज्ञान रूपी अन्धेरे नै भी मिटाण का संकल्प लेवै सै। यो साधारण सा दिखण आल्ला माट्टी का दीया म्हारी आस्था, बिश्वास अर आध्यात्मिकता का निशान सै।

**माट्टी तै बण्या, माट्टी म्ह मिलण आल्ला**

दीये की सबतै बड्डी खासियत यो सै के वो माट्टी तै बणै सै - उस्से पंचतत्व तै जिसतै यो दुनिया अर हम सारे बणे सां। कुम्हार अपणे हाथां तै जब माट्टी नै आकार देवै सै, तो वो सिर्फ एक बर्तन कोनी बणावै, बल्कि पूजा का एक पवित्तर साधन बणावै सै। यो दीया हाम्नै याद दिलावै सै के हम सारे माट्टी के बणे सां अर एक दिन माट्टी म्ह ए मिल जावांगे।

यो साधारणता म्ह असाधारणता का संदेश देवै सै। दीये की बणावट जितनी सीधी सै, उतना ए गहरा सै इसका दर्शन। चार मुंहा दीया हो या एक मुंहा, हरेक दीये म्ह तेल या घी भरया जावै सै अर बाती राक्खी जावै सै। जब यो दीया जलैं सै, तो इसकी लौ ऊपर कान्नी उठै सै - यो हाम्नै सिखावै सै के जिन्दगी म्ह हमेशा ऊपर उठण का, उन्नति का जतन करणा चाहिए।

**आत्मा की लौ, ध्यात्मिक महत्त्व**

सनातन धरम मै दीया आत्मा का प्रतीक होवै सै। जैसे दीया तेल, घी और बाती तै जलैं सै, उसे तरहैं आत्मा शरीर और करम तै चमकै सै। ध्यान लगावण मै दीया की लौ ठहरै सै और मन भी पूजा, यक्ष और ध्यान मै दीया जरूरी सै क्योंकि यो अंदर की ज्योत नै जगावै सै।सनातन परम्परा म्ह दीया का आध्यात्मिक महत्त्व घणा गहरा सै। दीये की ज्योत नै ब्रह्म का निशान मान्या जावै सै - वो परम उजाला जो सारे अन्धेरयां नै दूर करै सै। जब हम किसे देवता कै आग्गै दीया जलांवां सां, तो यो सिर्फ एक रस्म कोनी होवै, बल्कि यो म्हारी प्रार्थना होवै सै के 'हे प्रभु, जिसा यो दीया अन्धेरे नै



दूर कर रह्या सै, उस्से तरहां ए मेरी जिन्दगी तै अज्ञान का अन्धेरा दूर करो'। दीये के विभिन्न अंग हामनै जिन्दगी की सीख देवैं सै। दीये का आधार म्हारी नींव सै - म्हारे संस्कार, म्हारी माट्टी। तेल या घी म्हारे करमां का निशान सै - बढ़िया सोच करम ए जिन्दगी रूपी दीये नै जल्लाएं राक्खैं सै। बाती म्हारा मन सै - जै मन साफ सै तो ज्योत स्थिर अर चमकदार रहवैगी। अर वा लौ वा म्हारी आत्मा सै, जो सदा ऊपर, परमात्मा की ओड़ उठण का जतन करै सै।

**प्रकृति और परम्परा, समाज की बात**

आज जैब बिजली का झाल्लर और प्लास्टिक का सजावट चालै सै, तो माटी का दीया जलाणा एक तरहैं तैं पर्यावरण बचावै और आत्मनिर्भरता का फैसला बन गया सै। दीया ना केवल प्रकृति नै बचावणै की जिम्मेदारी दिखावै सै, बल्कि गांम के कारीगरों के घर मै भी उजाला करै सै। हर एक रोजगार सै एक सम्मान सै। माटी का दीया गांम के कुम्हार की मेहनत का प्रतीक सै, जो शहर मै भी अपनी जगह बना ले सै। दीया एकता, अपनापन और लोक कला की पहचान सै।

**दीया म्हारी सभ्यता का वाहक, आस्था का निशान**

दीया सिर्फ माटी का बण्या एक छोटा पात्र कोनी सै, यो म्हारी सभ्यता का वाहक सै, म्हारी आस्था का निशान सै। म्हारी जिन्दगी दर्शन का मूर्त सै, जब हम एक दीया जलांवां सां तो हम अपणे भितर भी एक दीया जलांवां सां - ज्ञान का, प्रेम का और करुणा का। सनातन संस्कृति म्ह दीये का स्थान अमर सै।

*यूगों तै यो म्हारे घरां म्ह, मन्दरां म्ह,*
*तीज - त्यौहारां म्ह उजाला फैला रह सै।*
*तमसो मा ज्योर्तिमय ॥*

दीया निराशा म्ह आशा का निशान सै। जब कोए माणस दुःख म्ह होवै सै, अन्धेरे तै घिरया होवै सै, तब एक दीया जलां कै हम उसनै संदेश देवां सां - अन्धेरा कितना भी घना हो, उजाले की जीत पक्की सै। योए संदेश सै म्हारी संस्कृति का - तमसो मा ज्योतिर्गमय - अन्धेरे तै उजाले की ओर चाल्लो।

जब दीवाली की रात नै हजारां दीये जलैं सैं, तो वे सिर्फ अन्धेरे नै दूर कोनी करदे, बल्कि म्हारे मन म्ह उम्मीद जगावैं सैं। वे कहवैं सैं के जिन्दगी म्ह कितनी भी मुश्किलां आवैं, हम मिलकै उननै दूर कर सकां सां। हरेक छोट्टा जतन महत्त्वपूर्ण सै, जिसा हरेक छोट्टा दीया अन्धेरे नै कम करण म्ह योगदान देवै सै। आण आली पीढ़ी जब दीया जलावै गी तो वे ना सिर्फ एक परम्परा का पालन करै गी बल्कि उस शाश्वत सच नै भी जिन्दा राख्खी उजाला ए जिन्दगी सै उजाला ए सच सै।

**दीया निराशा म्ह आशा का निशान सै। जब कोए माणस दुःख म्ह होवै सै, अन्धेरे तै घिरया होवै सै, तब एक दीया जलां कै हम उसनै संदेश देवां सां - अन्धेरा कितना भी घना हो, उजाले की जीत पक्की सै। योए संदेश सै म्हारी संस्कृति का - तमसो मा ज्योतिर्गमय - अन्धेरे तै उजाले की ओर चाल्लो।**

आओ हम सारे संकल्प लेवां के अपणी जिंदगी नै एक दीये की तरह बणावां जो खुद जलैं अर दूसरां नै भी उजाला दे जो विनम्रता तै माटी पै टिक्का हो सै पर जिसकी ज्योत आसमान की ओड उठै सै। जो अन्धेरे तै लडै अर सदा उजाले की जीत का संदेश दें।

*दीपों ज्योति परब्रह्म, दीपो ज्योति जनार्दनः ।*
*दीपो हरतु मे पाप दीप ज्योतिनरमोस्तुते ॥*


योए सै दीये की महिमा, योए सै उसका संदेश, जब ताहीं या दुनिया सै, दीये की ज्योत म्हारी जिंदगी नै उजाली करदी रहवै गी।

---


# सांस्कृतिक धरोहर वृद्ध केदार तीर्थ और ग्यारह रुद्री मंदिर

आस्था | अंकुर शर्मा

सरस्वती की पवित्र धारा से पोषित कैथल एक महाभारत कालीन ऐतिहासिक शहर है। इसे वेद, पुराण, महाभारत आदि पवित्र ग्रंथों की रचना स्थली होने का गौरव प्राप्त है। विद्वानों का मानना है कि जहां सरस्वती नदी के तट पर वेदों की ऋचाओं का सृजन हुआ; जहां कपिष्ठल गोत्रीय लोगों ने ही कपिष्ठल-कठ संहिता नामक ग्रन्थ की रचना की; जहां विश्व प्रसिद्ध गणितज्ञ वराह मिहिर ने भी अपनी शिक्षा यहां प्राप्त कर बृहत्सहिता जैसे श्रेष्ठ ग्रंथ की रचना की थी; वह कपिस्थल ही है। महाभारत, वामन पुराण, पाणिनी की अष्ठाध्यायी में कपिस्थल का उल्लेख मिलता है। चौथी शताब्दी ई.पू. के सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य के दरबार में यूनान के राजदूत रहे मैगस्थनीज ने अपनी पुस्तक इंडिका में इसे कबीस्थलो लिखा है। प्रसिद्ध विदेशी यात्री अल्बरूनी ने अपनी पुस्तक किताब-उल-हिन्द में कविताल नाम से इस का उल्लेख किया है। एक किवदन्ती के अनुसार यहां कपि अर्थात बन्दर अधिक पाए जाने के कारण इसे कपिस्थल कहा जाता था। यहां अंजनी माई का टीला है जिसे हनुमान जी का जन्म स्थान माना जाता है। इस प्रकार कपिस्थल, कपिष्ठल, कविताल ही अपभ्रंश होता हुआ आज का कैथल बना है।



कपिस्थल की पवित्रता और सांस्कृतिक समृद्धि का उल्लेख वामन पुराण और महाभारत में विस्तार से किया गया है। ऋग्वेद के तृतीय मण्डल 3/23/4 में सरस्वती की उपनदी आपगा नदी की स्थिति का उल्लेख किया गया है। जबकि वामन पुराण तथा महाभारत के वन पर्व में कैथल के पश्चिम में आपगा और मानुष तीर्थ स्थान है। जबकि ऋग्वेद प्रथम मंडल(1/23/4) में भी अपाय और मानुष का उल्लेख आता है। कुरुक्षेत्र की पवित्र 48 कोस में प्राप्त 134 तीर्थ स्थानों में से 50 तीर्थ सांस्कृतिक रूप से समृद्ध कैथल की परिधि में आते हैं। जिनमें पवनहृद तीर्थ, फल्गु तीर्थ, पवनेश्वर तीर्थ, कपिल मुनि तीर्थ, पुण्डरीक तीर्थ, कोटिकूट तीर्थ, वेदवती तीर्थ, वृद्ध केदार तीर्थ,




ग्यारह रुद्री तीर्थ, हव्य तीर्थ, रसमंगल तीर्थ, इक्षुमति तीर्थ, अरंतुक यक्ष, लवकुश तीर्थ, वामन तीर्थ, ऋणमोचन तीर्थ आदि प्रमुख हैं। इन पवित्र तीर्थों में से दो तीर्थ वृद्ध केदार और ग्यारह रुद्री कैथल शहर के मध्य स्थित हैं। जिनका बहुत महत्त्व माना जाता है।

कैथल से उत्तर पूर्व में स्थित वृद्ध केदार तीर्थ का बहुत प्रसिद्ध है। वामन पुराण 36वें अध्याय में बताया गया है कि अगर कोई व्यक्ति इस स्थान पर तर्पण करके भगवान शिव को प्रणाम करने के बाद तीन चल्लू पानी पिता है, वह केदार तीर्थ पर जाने का फल प्राप्त कर लेता है -

*कपिलस्थेति विख्यातं सर्वपातकनाशनम्।*
*यस्मिन स्थितः स्वयं देवो वृद्धकेदारसंज्ञितः । (वामन पुराण, 36/14)*

इसी प्रकार इस सन्दर्भ में महाभारत के वन पर्व में वर्णित हैः

*कपिष्ठलस्य केदारं समासाद्य सुदुर्लभम ।*
*अन्तर्धानमवाप्नोति तपसा दग्धकिल्विषम ॥ (महाभारत, वन पर्व 83/74)*

यहां एक शिव मन्दिर बना हुआ है जो अष्टकोणीय है। यहां बने सरोवर की बुजियां भी अष्टकोणीय आकार लिए हैं। वामन पुराण में ऐसा भी कहा गया है कि कपिस्थल नामक तीर्थ में वृद्ध केदार नामक भगवान स्वयं विराजमान हैं। इसी प्रकार कैथल के ही पश्चिम में दूसरा महाभारत काल से एक प्रसिद्ध पुण्यदायी तीर्थ स्थान एवं मंदिर है ग्यारह रूद्री । इस मन्दिर में ग्यारह रूद्रों की स्थापना की गई है। जिनके विषय में महाभारत में वर्णित उल्लेख के अनुसार ब्रह्मा जी के मानस पुत्र जो महान ऋषि थे मृगव्याध,

**कैथल केवल मानचित्र पर एक शहर नहीं, बल्कि हरियाणा की आध्यात्मिक धड़कन है जहाँ हर शिलाखंड में इतिहास बोलता है और हर प्रार्थना में भक्ति की अनुगूँज सुनाई देती है। इस नगर के मंदिर और तीर्थ आज भी यह संदेश देते हैं कि संस्कृति तभी जीवित रहती है जब आस्था उसकी जड़ों में साँस लेती रहे।**

सूर्प, निऋति, विनाकी, अहिवुथ, अजैकपाद दहन, ईश्वर, कपाली, स्थाणु और भव। महाभारत के आदिपर्व में लिखा है :-

*एकादशसुताः स्थाणोः ख्याताः परमतेजसः।*
*मृगव्याधश्चसर्पश्च निऋतिश्चमहायशाः।*
*अजैकपादहिर्बुधन्यः पिनाकी च परंतप।*
*दहनोथेश्वरश्चैव कपाली च महाधुनिः।*
*स्थाणुर्मगश्च भगवान रूद्रा एकादशस्मृताः। (महाभारत, आदि पर्व 66/1-3)*

ये एकादश ही रूद्रों के रूप में प्रसिद्ध हुए हैं। इस मन्दिर में जलहरी में ग्यारह रूद्र स्थापित किए गए हैं। मन्दिर के दक्षिण में सर्वदेव नामक तीर्थ है। जिसे सकलसर भी कहा गया है।

कैथल के तीर्थों और मंदिरों के बारे में इस संक्षिप्त आलेख में तो यही कहा जा सकता कि कैथल के मंदिरों और तीर्थस्थलों का महत्त्व केवल आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नगर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान से जुड़ा हुआ है। यहाँ का प्रत्येक मंदिर भगवान हनुमान का प्रसिद्ध अन्नपूर्णा मंदिर हो या श्री राधा-कृष्ण का शांतिमय धाम, जनमानस की श्रद्धा और परंपरा का जीवंत प्रतीक है। इन तीर्थों के दर्शन से न केवल धार्मिक संतोष मिलता है, बल्कि यह नगर के गौरवशाली अतीत की झलक भी प्रदान करते हैं। कैथल की भूमि स्वयं महाभारतकालीन




स्मृतियों से ओतप्रोत है, जहाँ धर्म, वीरता और भक्ति एक साथ प्रवाहित होते हैं। यहाँ के मंदिरों में गूंजती आरती, साधु-संतों के प्रवचन और तीर्थयात्रियों का आगमन नगर को निरंतर पावन ऊर्जा से भर देता है। यही कारण है कि कैथल केवल मानचित्र पर एक शहर नहीं, बल्कि हरियाणा की आध्यात्मिक धड़कन है जहाँ हर शिलाखंड में इतिहास बोलता है और हर प्रार्थना में भक्ति की अनुगूँज सुनाई देती है। इस नगर के मंदिर और तीर्थ आज भी यह संदेश देते हैं कि संस्कृति तभी जीवित रहती है जब आस्था उसकी जड़ों में साँस लेती रहे।

## खबर संक्षेप

### राज रानी के नेत्र अमर दो को मिलेगा वरदान

**सोनीपत।** स्वर्गीय राज रानी, धर्मपत्नी स्वर्गीय रमेश कुमार, निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर-15 सोनीपत के मरणोपरांत उनके परिवार ने नेत्रदान कर समाज में मिसाल पेश की है। महात्मा आशानंद वधवा हिन्दू मंच सोनीपत के तत्वावधान में यह नेत्रदान कार्य संस्था प्रधान हरि चंद स्नेही और महासचिव हर भगवान रहेजा की प्रेरणा से कराया गया। स्वर्गीय राज रानी के सुपुत्र अरुण कुमार और प्रिंस तथा पुत्रवधुएं भावना और एकता ने सहमति देकर यह पुण्य कार्य करवाया। श्रॉफ नेत्र बैंक, दिल्ली के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा और उनकी टीम ने नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की।

### श्री सुंदरकांड पाठ और रामकथा का आयोजन

**सोनीपत।** राम परिवार, सोनीपत की ओर से श्री सनातन धर्म सभा गीता भवन (शहर) में श्री सुंदरकांड पाठ, हरिनाम संकीर्तन और श्रीरामकथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रमुख ओमप्रकाश ने श्रीरामचरितमानस के प्रसंग में बताया कि जब हनुमान जी लंका दहन के बाद सीता माता से चूड़ामणि लेकर लौट रहे थे, तब मेघनाद ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, पर हनुमान जी ने उसके कई दिव्यास्त्रों को निष्फल कर दिया और ब्रह्मास्त्र का सम्मान करते हुए स्वयं को उसमें बंधने दिया। कथा के दौरान रावण दरबार में हनुमान जी द्वारा भगवान श्रीराम की महिमा गान का सुंदर वर्णन किया गया। पवन , राकेश बहल, सतीश छाबड़ा, सुरेंद्र छाबड़ा, ललित मौजूद रहे।

### संगठन ने रोपे अर्जुन और पापड़ी के 18 पौधे

**गोहाना।** रविवार को समाज कल्याण संगठन ने अपने साप्ताहिक अभियान के अंतर्गत पीपल, नीम, अर्जुन और पापड़ी के 18 पौधे रोपे। पौधारोपण शहर में पानीपत रोड के साथ फुटपाथ की खाली जगह में किया गया। संगठन द्वारा गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के अभियान के तहत सप्ताह के प्रत्येक रविवार को शहर में सडक़ों के किनारे, सार्वजनिक स्थलों और सरकारी कार्यालयों के परिसर में पौधारोपण किया जाता है। इस अभियान के तहत संगठन द्वारा पानीपत रोड के साथ नए पौधे रोपे और सुरक्षा की दृष्टि से उनको ट्री गार्डों में संरक्षित किया गया। संगठन की टीम ने पुराने पौधों की निराई-गुड़ाई भी। पुराने पौधों की देखभाल में एक पौधा सूख हुआ मिला।

### प्रदेश के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की दर्दनाक मृत्यु पर जताया गहरा शोक

# समयबद्ध सीमा में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग उठाई

**लिखित शिकायतें करने के बावजूद कहीं से राहत नहीं मिली।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के जिला सचिव कामरेड आनंद शर्मा ने प्रदेश के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की दर्दनाक मृत्यु पर गहरा क्षोभ प्रकट करते हुए परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए, इसे आत्महत्या की बजाय संस्थागत हत्या करार दिया है जिसके लिए संस्थानों व समाज में निरंतर जारी जातिगत भेदभाव व उत्पीड़न जिम्मेदार है। उन्होंने प्रैस बयान जारी करते मांग की है कि आईपीएस अधिकारी पूरन कुमार की मृत्यु के हालात की त्वरित निष्पक्ष जांच करके सभी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा उनके परिवार को समुचित सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।अधिकारी द्वारा लिखे गए अंतिम नोट में हालात और घटनाक्रम का जो विवरण सामने आया है वह स्तब्ध करने वाला है तथा जातिगत पूर्वाग्रह में निहित उत्पीड़न, अपमान और भेदभाव के एक पैटर्न की ओर इशारा करता है। यह बहुत ही खेदजनक है कि जातिगत पूर्वाग्रह और उत्पीड़न को उजागर करने के लिए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को अपनी जान की कीमत देनी पड़ी है। उन द्वारा सरकारी ढ़ांचे में मौजूद तत्कालीन गृहमंत्री समेत सभी स्तरों पर इस भेदभाव और उत्पीड़न के खिलाफ लिखित शिकायतें करने के बावजूद उन्हें कहीं से भी राहत नहीं मिली है।

### मृत्यु के हालात की त्वरित निष्पक्ष जांच हो




**गन्नौर।** वाई. पूर्ण कुमार मामले व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के प्रति टिप्पणी के विरोध में रोष प्रदर्शन करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

#### परिवार को पूरा न्याय मिले

**गोहाना।** सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि वरिष्ठ आईपीएस वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले में पीड़ित परिवार को पूरा न्याय मिले और दोषी को सजा मिले। पूरा देश और कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ है। वे गोहाना में सेक्टर सात में बरोदा विधायक इंदुराज नरवाल के साथ पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सोनीपत में विकास को लेकर कई अपेक्षाएं हैं लेकिन अब तक एक भी पूरी नहीं की। सोनीपत तक मेट्रो लाइन बिछाने के लिए तीन बार उठाई। मेट्रो सोनीपत तक कम से कम आए और उससे आगे पानीपत तक जाए तो अच्छी बात है। खरखौदा में मारुति उद्योग में 70 प्रतिशत रोजगार हरियाणा के बेरोजगारों को दिया जाए। सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में कहीं थी एक बड़ा इंडस्ट्रियल क्षेत्र बनाया जाए। बरोदा के विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री सोनीपत आगमन पर गोहाना में रेलवे कोच फैक्ट्री की घोषणा करके जाएं। पूर्व में कांग्रेस सरकार ने इसे मंजूर किया था।

## मुख्य न्यायाधीश के प्रति कथित अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में रोष प्रदर्शन, नारेबाजी की

» *समिति द्वारा संविधान पर हो रहे हमलों के विरोध में प्रदर्शन मर्यादा बनाए व समानता के सिद्धांतों की रक्षा का संकल्प*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

संत गुरु रविदास सेवा समिति द्वारा शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रधान रणधीर ने की। प्रदर्शन में स्वर्गीय एडीजीपी वाई. पूर्ण कुमार तथा भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई के प्रति कथित अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में रोष जताया। सभी प्रतिभागी नगर पालिका रोड स्थित रविदास सेवा समिति/मंदिर के सामने एकत्रित हुए और वहाँ से नगरपालिका रोड, रेलवे रोड, शिव पार्क होते हुए ताऊ देवीलाल चौक तक जलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए पहुँचे।

#### ये रहे मौजूद

प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों ने संविधान की मर्यादा बनाए रखने और समानता के सिद्धांतों की रक्षा का संकल्प लिया। समिति के सदस्यों ने कहा कि देश के संविधान और न्यायपालिका पर किसी भी प्रकार का अपमान लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने सरकार से ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जो सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों को ठेस पहुँचा रहे हैं। इस अवसर पर श्याम प्रकाश किलसन ,अजय, फूल कुमार केसियर, जितेंद्र रंगा (वकील), सूरत सिंह, ऋषिराज चौहान, श्याम प्रकाश कलशन, सुखबीर शेखपुरा, लछ्मन, भूरा गुमड आदि सदस्य उपस्थित रहे।

#### जांच की मांग उठाई

उन्होंने कहा कि जब वरिष्ठ अधिकारी और न्यायाधीश ही सुरक्षित नहीं हैं तो साधारण जनता की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। पार्टी ने कहा कि वाई. पूरन कुमार के मामले में एफआईआर तो दर्ज कर ली गई है परन्तु यह जरूरी है कि समयबद्ध सीमा में निष्पक्ष जांच करके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

#### आम आदमी पार्टी का गांधीवादी प्रदर्शन

**सोनीपत।** आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन सिंह की आत्महत्या मामले में कार्रवाई न होने पर आम आदमी पार्टी ने रविवार को गांधी चौक, सोनीपत पर गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम ने किया। उन्होंने कहा कि घटना को पांच दिन बीतने के बावजूद सरकार ने न तो मुख्य आरोपियों रोहतक एसपी नरेन्द्र बिजरानिया और डीजीपी शत्रुजीत कपूर के खिलाफ कार्रवाई की है और न ही परिवार की मांगें मानी गई हैं। देवेंद्र गौतम ने कहा कि "गांधी के तीन बंदर आज भी जीवित हैं, लेकिन इस बार सरकार ने आंख, कान और मुंह बंद कर रखे हैं।" उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील की कि वे कठपुतली न बनें और ईमानदार अधिकारी को न्याय दिलाने की जिम्मेदारी निभाएं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने गांधी के तीन बंदरों का प्रतीकात्मक रूप धारण कर मौन व्रत रखा। देवेंद्र गौतम ने कहा कि यदि सरकार ने अब भी परिवार की मांगों पर कार्रवाई नहीं की तो आम आदमी पार्टी सड़क पर उतरकर शांतिपूर्ण आंदोलन करेगी। उन्होंने इस मामले में सभी 13 आरोपियों को निलंबित कर सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से जांच करवाने की मांग दोहराई।

#### मामले को जातीय रंग देना अनुचित : सुरेन्द्र

**खरखौदा।** दहिया खाप प्रधान सुरेंद्र बाणिया ने रविवार को खरखौदा में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसे संबोधित करते उन्होंने कहा कि आईपीएस अधिकारी पूरण सिंह मामले को जातिगत रूप देकर जो लोग समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, वह सरासर गलत हैं। गांव व शहरों में सभी 36 बिरादरी के लोग आपसी भाईचारे के साथ रहते हैं। इसलिए इसे जाति विशेष का मामला बनाया जाना सही नहीं है।उन्होंने कहा कि दहिया खाप की मांग है कि इस मामले की जांच बड़े लेवल पर कराई जाए, जो सीबीआई या रिटायर्ड जज से कराई जा सकती है और इस मामले में जो कोई भी दोषी पाए जाते हैं, उन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही जो लोग निर्दोष हैं, उन्हें बेवजह परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने दोहराया कि इस मामले को जातीय रूप नहीं दिया जाना चाहिए। पुलिस को अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए परिवार को न्याय दिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में दहिया खाप पीड़ित परिवार के साथ है और मांग करती है कि उन्हें न्याय मिलना चाहिए। साथ ही इतना ख्याल रहे कि किसी भी निर्दोष को इस मामले में बेवजह न घसीटा जाए।

## सरकार से कोर्ट आदेश लागू करने और लंबित लाभ देने की अपील

- सेवानिवृत्त प्राचार्यों और प्राध्यापकों की बैठक संपन्न, पेंशन संबंधी मांगों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम कन्या महाविद्यालय में आज विभिन्न कॉलेजों के सेवानिवृत्त प्राचार्यों और प्राध्यापकों की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सीआरए कॉलेज के सेवानिवृत्त आचार्य डॉ. नरेंद्र खत्री ने की। बैठक में रिटायर्ड कॉलेज टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो. केसी वशिष्ठ ने बताया कि संगठन के पदाधिकारी लगातार हरियाणा सरकार के मंत्रियों और वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को पेंशन का भुगतान, हड़ताल के दौरान 36 दिन का वेतन, नोशनल वेतन फिक्सेशन, वेतनवृद्धि और 80 वर्ष की आयु पर पेंशन वृद्धि जैसी मांगों से अवगत कराया गया है, परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पूर्व प्राचार्य डॉ. पूर्णमल गौड़ ने कहा कि पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि जिन अध्यापकों की 28 वर्ष की सेवा पूर्ण हो चुकी है, उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद पूरी पेंशन का लाभ दिया जाए, लेकिन शिक्षा विभाग ने अब तक यह आदेश लागू नहीं किया है। वरिष्ठ अध्यापक महानंद मलिक ने भी सरकार के सकारात्मक आश्वासन के बावजूद ठोस परिणाम न आने पर निराशा जताई।



बैठक के दौरान मौजूद सेवानिवृत प्राचार्य एवं प्राध्यापकगण।

## उपेक्षा का आरोप, काली दिवाली मनाने का ऐलान

- कर्मचारी यूनियनों की मंथन बैठक संपन्न, 13 अक्टूबर से पंचकूला में धरने की तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच, हुड्डा जन_वास्थ्य कर्मचारी यूनियन और हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच की कार्यकारिणी मंथन बैठक एचएसवीपी सेक्टर-15 स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आरके नागर ने की जबकि संचालन राज्य कोषाध्यक्ष महावीर नागर ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 और 14 अक्टूबर को पंचकूला व चंडीगढ़ में ज्ञापन सौंपे जाएंगे तथा दीपावली तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। बैठक में पदाधिकारियों ने बताया कि राज्यभर के कर्मचारियों में अपनी लंबित मांगों को लेकर गहरा रोष है। इस वर्ष पांच बार मुख्यमंत्री, मुख्य प्रशासक एचएसवीपी, एचआरडी और कौशल रोजगार निगम अधिकारियों को मांग पत्र सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी ने वार्ता के लिए समय नहीं दिया।




बैठक के दौरान मौजूद कर्मचारी एवं यूनियन के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

#### शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही

आरोप लगाया गया कि कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों की 30 सितंबर के बाद अप्रूवल रोक दी गई है और उन्हें 58 वर्ष की सेवा सुरक्षा नहीं दी जा रही है। इसके अलावा ठेका प्रथा समाप्त करने और ठेका कर्मचारियों को निगम में समायोजित करने की मांग भी अब तक अधर में है। आरके नागर, टीनू मदान और महावीर नागर ने एचएसवीपी पानीपत, सोनीपत और पंचकूला में फैले भ्रष्टाचार की जांच न होने पर सरकार और अधिकारियों को भ्रष्ट बताया। उन्होंने कहा कि पेड़ों की अवैध कटाई और शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही, जिससे भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं। चेतावनी दी गई कि यदि 13 अक्टूबर तक वार्ता का पत्र जारी नहीं हुआ और 14 अक्टूबर को मुख्यमंत्री ने संज्ञान नहीं लिया तो दीपावली तक पंचकूला में लगातार धरना-प्रदर्शन होंगे और काली दीपावली मनाई जाएगी। बैठक में महावीर नागर, सतीश शर्मा, टीनू मदान, समेश कुमार, सुनील चौहान, कृष्ण कुमार, सुरेंद्र सिंह, सुरेश रोहिल्ला, राजकुमार, जितेंद्र और राकेश सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## योजनाओं का लाभ न मिलने का आरोप

- कांग्रेस भवन में केकेसी की कार्यकर्ता सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कांग्रेस भवन निकट सुभाष चौक सोनीपत में असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) की ओर से कार्यकर्ता सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन यशवंत राव चौहान जिला अध्यक्ष शहरी ने किया। सभा की अध्यक्षता ओम कुमार जांबाज प्रदेश उपाध्यक्ष ने की। मीटिंग में मुख्य रूप से रविंद्र आंतिल जिला अध्यक्ष ग्रामीण, सुमित छिकारा प्रदेश सचिव केकेसी शामिल रहे। इस सभा में केकेसी की नीतियों से अवगत करवाया गया।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

#### आज हर वर्ग परेशान

यशवंत राव चौहान ने व सभी पदाधिकारी में अपने भाषण के माध्यम से बताया कि असंगठित कामगार कर्मचारी कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य गरीब मजदूर कामगार कर्मचारियों के ऊपर हो रहे अन्याय अत्याचार के खिलाफ आवाज उठानी होगी। उनके अधिकारों के लिए लड़ाई लड़नी होगी यह तभी संभव है, जब हम संगठन को मजबूत करें। आज ग्रामीण क्षेत्र में मनरेगा योजना को सुचारू रूप से नहीं चलने दिया जा रहा है। श्रम विभाग द्वारा बनाई गई कापियों को बगैर किसी जांच के नोटिस के काटा जा रहा है। श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लाभार्थी लोगों को समय पर नहीं मिल रहा है। आज की वर्तमान सरकार से हर मजदूर, कर्मचारी, किसान परेशान हो चुका है।




दीपावली उत्सव समारोह में लक्की ड्रा में निकली कार के साथ क्लब के पदाधिकारी।

#### गन्नौर के तीन क्लब रहे भाग्यशाली

**गन्नौर।** रोटरी क्लब गन्नौर के लिए इस बार दीपावली का उत्सव बेहद खास रहा। गाजियाबाद में आयोजित रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3012 के भव्य दीपावली उत्सव समारोह में लक्की ड्रा में गन्नौर की क्लबों ने शानदार सफलता हासिल की। कुल 152 क्लबों और 3000 रोटेरियनों की उपस्थिति में निकाले गए इन ड्रा में तीन बड़े इनाम गन्नौर के हिस्से आए। रोटरी के पूर्व असिस्टेंट गवर्नर व जैन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि लक्की ड्रा में पहला इनाम आल्टो कार रहा, जो रोटरी क्लब गन्नौर सेंट्रल के सदस्य हरिओम बाजवान के नाम निकला। वहीं दूसरा इनाम अपाचे मोटरसाइकिल रोटरी क्लब गन्नौर रॉयल के मुकेश बंसल ने जीता। इसके अलावा अंकित को ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन का इनाम प्राप्त हुआ।

## विधायक ने हलके के गांवों का दौरा कर दिया प्रधानमंत्री मोदी की रैली का न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

विधायक पवन खरखौदा ने रविवार को बरोना, गोरड़, सिलाना, फरमाना, सिसाना सहित विधानसभा क्षेत्र के 14 गांवों का दौरा किया और लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 17 अक्टूबर को एजुकेशन सिटी राई में होने वाली रैली में भाग लेने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि खरखौदा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे हरियाणा का विकास तेजी से हो रहा है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोनीपत में आ रहे हैं। वह विकास की नई योजनाओं की सौगात देंगे। इसलिए सभी से अपील करते हैं कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में पहुंचे और घोषित होने वाली नयी परियोजनाओं के साक्षी बने। उन्होंने कहा कि प्रदेश व क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं दिलचस्पी लेकर विकास करा रहे हैं।



**खरखौदा।** ग्रामीणों को संबोधित करते विधायक पवन खरखौदा।

#### सीएम ने वादा पूरा किया

खरखौदा में आईएमटी स्थापित करके उन्होंने विश्व के मानचित्र पर क्षेत्र का नाम चमकाने का काम किया है। लंबे समय से इस क्षेत्र में कन्या महाविद्यालय को सरकारी बनाए जाने की जनता की मांग उठती रही थी। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जनता की मांग पर महाविद्यालय को सरकारी दर्जा देकर इस क्षेत्र के लोगों के लिए अपना वायदा पूरा किया है।

## नए कार्यकर्ताओं को समझाई कार्यपद्धति

- विश्व हिंदू परिषद का जन्म क्यों और उद्देश्य के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विश्व हिन्दू परिषद, सोनीपत के तत्वावधान में नवीन कार्यकर्ता परिचय वर्ग का आयोजन हेडगेवार प्रखंड स्थित मामचंद पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में हाल ही में संपर्क में आए विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के नए कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, उद्देश्य एवं कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। परिचय वर्ग में यह बताया गया कि विश्व हिन्दू परिषद का जन्म क्यों और किन उद्देश्यों से हुआ, साथ ही संगठन की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक भूमिका पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में लगभग 60 से अधिक नव-कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।




**सोनीपत।** बैठक के दौरान मौजूद परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

#### ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

प्रखंड एवं जिला स्तर के अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हमारी मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी बहनों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को प्रेरणादायी बनाया। कार्यक्रम का संचालन ललित (प्रांत सह संयोजक, बजरंग दल) ने किया, जिन्होंने अपने मार्गदर्शन से उपस्थित कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर विभाग मंत्री सुभाष गुप्ता व विभाग सत्संग प्रमुख नरेंद्र, जिला मंत्री रवि कुमार, जिला उपाध्यक्ष तेजपाल भार्गव एवं जिला सहमंत्री पिंकी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर में मुख्यातिथि पहुंचे मेयर

# रक्तदान से बढ़कर कोई भी दान नहीं : राजीव जैन

**वजह रक्त का कोई विकल्प नहीं, जरूरतमंद मरीज को रक्त की पूर्ति रक्तदान के माध्यम से ही संभव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है, वजह रक्त का कोई विकल्प नहीं है और जरूरतमंद मरीज को रक्त की पूर्ति रक्तदान के माध्यम से ही संभव है। राजीव जैन रविवार को मोजीराम धर्मशाला के प्रांगण में आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर 86 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान नगर निगम मेयर राजीव जैन ने कहा कि रक्तदान समाज की उत्तम सेवा है।



रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाते हुए मेयर राजीव जैन। *फोटो : हरिभूमि*

#### रक्तदान का आह्वान

विभिन्न प्रकार की बीमारियों से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता रहती है। इसी प्रकार सड़क दुर्घटना में भी घायलों के प्राणों की रक्षा के लिए रक्त की जरूरत पड़ती है। इस रक्त की आवश्यकता को रक्तदान के माध्यम से ही पूरा किया जा सकता है। इसलिए लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। एक स्वस्थ व्यक्ति प्रत्येक तीन माह में रक्तदान कर सकता है। रक्तदान शिविर में गौरव कौशिक, अमित कौशिक, सौरभ चाँदना, अमन योगी, गौतम शर्मा, विकी चुघ आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ब्राइट स्कॉलर विद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर विद्यालय में सीबीएसई द्वारा विज्ञान शिक्षकों के लिए 11 और 12 अक्टूबर को दो दिवसीय विज्ञान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. किरण दलाल, जिला प्रशिक्षण समन्वयक के मार्गदर्शन में किया गया। इस कार्यशाला का संचालन श्रीमती तमन्ना ग्रोवर और डॉ. प्रियंका लठवाल द्वारा किया गया। कार्यशाला में शिक्षकों ने ब्लूम टैक्सोनॉमी के माध्यम से सीखने और समझाने के विभिन्न स्तरों को समझा। इसके अतिरिक्त किशोरावस्था में बच्चों के व्यवहार और विकास पर चर्चा कर शिक्षण में व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाने की जानकारी दी गई।

### सातवीं सुधीर फुटबॉल लीग 18 से, तैयारियां पूरी

**सोनीपत।** खेल भावना और समर्पण की मिसाल रहे दिवंगत खिलाड़ी सुधीर सरोहा की स्मृति में इस वर्ष भी सातवीं सुधीर फुटबॉल लीग का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता 18 से 20 अक्टूबर तक राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन में खेली जाएगी। तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन सुधीर फुटबॉल क्लब की ओर से किया जा रहा है। आयोजन समिति के प्रमुख सज्जन सरोहा ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती है, बल्कि सुधीर सरोहा जैसे समर्पित खिलाड़ियों की याद को भी जीवित रखती है।

### बाबा खाटू श्याम दरबार : भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

# मैया री मैया एक छोटा सा खिलौना दिलवा दो...

**डॉ. अरविंद शर्मा के 63वें जन्मदिन पर हुआ जागरण**

*कैबिनेट मंत्री, उनकी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा व भजन सम्राट कन्हैया मित्तल ने बाबा श्याम दरबार में पूजा-अर्चना व ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की*



हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

प्रदेश सरकार के 11 वर्ष पूरे होने, मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व की प्रथम वर्षगांठ एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के 63वें जन्मदिन पर शहर में ताऊ देवीलाल स्टेडियम में भगवान श्रीकृष्ण के कलियुग अवतार बाबा खाटू श्याम का भव्य जागरण आयोजित हुआ। बाबा के दरबार में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान के भजनों पर जमकर झूमे।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, उनकी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा व भजन सम्राट कन्हैया मित्तल ने बाबा श्याम दरबार में पूजा-अर्चना व ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। समारोह में कन्हैया मित्तल, भजन गायिका निशा छाबड़ा, बर्बरीक, चिराग लाडला व पंचकूला से सौरव अत्री के भजनों से श्रद्धालु भावविभोर हो गए स्वयं को झूमने से रोक न सके। संत-महात्मा महामंडलेश्वर कपिल पुरी महाराज, महामंडलेश्वर, स्वामी विश्वश्वरा नंद, महामंडलेश्वर कर्ण पुरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी परमानंद महाराज, बाबा कालिदास, बाबा चमननाथ, बाबा राघव देव, बाबा भलेगिरी महाराज, बाबा कमल पुरी और बाबा रमेश के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम से श्रद्धालुओं को धर्म एवं संस्कृति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिली। विधायक निखिल मदान, विधायक पवन खरखौदा, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, भाजपा नेता प्रदीप सांगवान, एसडीएम अंजलि श्रोत्रिय और डीसीपी भारती डबास के साथ पार्टी नेता, कार्यकर्ता और संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

#### भजनों से पूरा पांडाल झूम उठा

समारोह में मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने विशेष रूप से अपनी मां बिमला देवी और पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ भजन प्रस्तुत किया। उन्होंने "मैया की मैया" और "एक छोटा सा खिलौना दिलवा दो" जैसे मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। उनकी गायकी और भावपूर्ण प्रदर्शन के कारण पूरा पांडाल झूम उठा और श्रद्धालुओं ने भाव विभोर होकर उनकी प्रस्तुति का आनंद लिया। इस अवसर पर समारोह में आए लोगों ने मंत्री परिवार की इस सांस्कृतिक भागीदारी की सराहना की और भक्ति भाव से भरे इस कार्यक्रम को यादगार बनाने में उनका योगदान महत्वपूर्ण बताया।

#### रामलीला होगी भव्य, होगा डांडिया

मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि गोहाना में धर्म और संस्कृति के प्रति जो उत्साह और जोश देखने को मिलता है, उसे देखकर यह स्पष्ट है कि यहां के लोग अपने धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के साथ गहरा जुड़ाव रखते हैं। उन्होंने आगे बताया कि इसी भावना को बनाए रखते हुए सरकार और स्थानीय प्रशासन हर साल रामलीला को भव्य और आकर्षक तरीके से आयोजित करेगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक परंपरा में भाग ले सकें और अपने धर्म के प्रति श्रद्धा व्यक्त कर सकें।

# विधायक ने गांव बहालगढ़ व औरंगाबाद में कई विकास कार्यों का शिलान्यास किया

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हर गांव को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा : गहलावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई



राई। विधायक कृष्णा गहलावत औरंगाबाद में ई लाइब्रेरी का शुभारंभ कर ग्रामीणों को समर्पित करते हुए।

क्षेत्र के विकास को गति देने के उद्देश्य से हलका राई की विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को गांव बहालगढ़ और औरंगाबाद में कई विकास कार्यों का शुभारंभ और शिलान्यास किया। ग्रामीणों ने विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विधायक कृष्णा गहलावत गांव बहालगढ़ पहुंचीं, जहां उन्होंने वाल्मीकि चौपाल का शिलान्यास किया और मंदिर के पास बनने वाले रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

#### हर गांव को मिले मूलभूत सुविधाएं

विधायक ने कहा कि क्षेत्र के हर वर्ग का संतुलित विकास करना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हर गांव को मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे गांवों में भी शहर जैसी सुविधाएं उपलब्ध हों। इसके बाद विधायक गहलावत गांव औरंगाबाद पहुंचीं, जहाँ उन्होंने एक साथ कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इनमें ग्राम सचिवालय (लागत लगभग 30 लाख रुपये), बारात घर का उद्घाटन, ई-लाइब्रेरी (लागत 4.30 लाख रुपये) तथा वाल्मीकि चौपाल (लागत लगभग 18 लाख रुपये) का शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने वाल्मीकि चौपाल से लेकर पीडब्ल्यूडी रोड जखोली तक नई सड़क (लागत लगभग 20 लाख रुपये) निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।

### सांसद और विधायक ने गुरु रविदास को किया नमन

**गोहाना।** सेक्टर सात स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास शिक्षण एव सामाजिक उत्थान भवन में रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां पर सोनीपत के सांसद सतपाल ब्रह्मचारी और बरोदा हलका से कांग्रेस विधायक इंदुराज नरवाल पहुंचे। सांसद ब्रह्मचारी ने कहा कि रविदास भवन में तैयार ही लाइब्रेरी के लिए सभी जरूरी सामान उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके वे लिए ग्रांट दी जाएगी। अध्यक्षता भवन समिति के अध्यक्ष रामफुल नरवाल ने की। सांसद व विधायक ने संत शिरोमणि गुरु रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

# लड़कों में हिमांशु व लड़कियों में गरिमा बनी बेस्ट एथलीट

- डीक्रस्ट मुरथल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित किया। खेल निदेशक डा.बिरेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि प्रतियोगिता में 800 मीटर की दौड़ प्रतिस्पर्धा के पुरुष वर्ग में तक्षीर, महिलाओं में गरिमा, डिस्क्स थ्रो प्रतिस्पर्धा पुरुषों में हेमंत त्योगी, महिलाओं में अनिका, ट्रिपल जंप प्रतिस्पर्धा पुरुषों में गोपाल कृष्ण, महिलाओं में मानसी, 4 गुणा 100 मीटर रीले दौड़ प्रतिस्पर्धा पुरुषों में शुभम, मोंटी, रघुनाथ, हिमांशु और महिलाओं में अनिका, मानसी, बसंती, दीक्षिता प्रथम रहे। भाला फेंक प्रतिस्पर्धा पुरुषों में धमेंद्र और महिलाओं में ईशा, 1500 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा पुरुषों में शिवम और महिलाओं में अनिका, 400 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा पुरुषों में हिमांशु, महिलाओं में गरिमा, लोंग जंप मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा पुरुषों में सुमित, महिलाओं में प्रियंका, 200 मीटर दौड़ प्रतिस्पर्धा पुरुषों में हिमांशु व महिलाओं में गरिमा प्रथम रहे।

# विधायक का दीपावली मिलन समारोह, पहुंचे शहरवासी

- 17 अक्टूबर को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के लिए दिया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत



सोनीपत। दीपावली मिलन समारोह में पहुंचें गणमान्य लोगों के साथ विधायक निखिल मदान।

मुरथल रोड पर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में रविवार को विधायक निखिल मदान द्वारा दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक निखिल मदान ने कहा कि 17 अक्टूबर को सोनीपत की राई एजुकेशन सिटी में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली ऐतिहासिक होगी और इसमें लाखों लोग भाग लेंगे। साथ ही इस रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोनीपत जिले को करोड़ों रुपए की परियोजनाओं की सौगात देंगे।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सभी धार्मिक और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि और प्रधान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर गुरु श्री सूर्यनाथ सोहटी धाम, बाबा अमरदास, महा मंडलेश्वर अंजनी देवा मौजूद रहे। कार्यक्रम में राई विधायक कृष्णा गहलावत, दिल्ली के राजेंद्र नगर से विधायक उमंग बजाज, मेयर राजीव जैन, भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा नेता माई राम कौशिक, गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंदर मलिक, बरोदा से प्रत्याशी रहे प्रदीप सांगवान, उपायुक्त सुशील सारवान, निगम आयुक्त हर्षित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसडीएम सुभाष चंद्र, निगम संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़ सहित भारतीय जनता पार्टी संगठन के सभी मंडल अध्यक्ष नीरज सोनी, राजकुमार शर्मा, आरती शर्मा, गौरव भोला, जिला महामंत्री तरुण देवीदास, नीरज ठरू निगम पार्षदों हरिप्रकाश सैनी, सुरेंद्र नैय्यर, सुरेंद्र मदान, बबीता त्रिभुवन कौशिक, मुकेश सैनी, प्रवीण सैनी, मुनीराम ठोलेदार, ममता महेश लूथरा, इंदु संजीव वलेचा, अतुल जैन ने शिरकत की।





गन्नौर। कशिश ठाकुर इंटरनेशनल कुकिवॉन कप में सिल्वर मेडल जीतने के बाद ।

### कशिश ठाकुर ने इंटरनेशनल कुकिवॉन कप में जीता सिल्वर मेडल, गन्नौर का नाम किया रोशन

**गन्नौर।** क्षेत्र की प्रतिभाशाली खिलाड़ी कशिश ठाकुर पुत्री सपना ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन से गन्नौर का मान बढ़ाया है। दिल्ली स्थित आई.जी.आई. स्टेडियम में 9 से 12 अक्टूबर 2025 तक आयोजित "2025 इंटरनेशनल ओपन कुकिवॉन कप" में कशिश ठाकुर ने शानदार खेल दिखाते हुए जूनियर व्हाइट टू ग्रीन बेल्ट ग्रेड वर्ग में सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश और जिले का गौरव बढ़ाया।प्रतियोगिता का आयोजन कुकिवॉन इंडिया नॉर्थ ब्रांच द्वारा किया गया था, जिसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) और कोरियन कल्चरल सेंटर इंडिया का सहयोग प्राप्त था। प्रतियोगिता में कोरिया, नेपाल, भूटान, थाइलैंड समेत कई देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। कठिन मुकाबले में कशिश ने शानदार प्रदर्शन कर अपने वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया। कशिश ने बताया कि पिछले दो वर्षों से स्पार्टन्स ताइक्वांडो क्लब, गन्नौर में निरंतर अभ्यास कर रही हैं। उनके कोच विजय कालीरामन ने बताया कि कशिश मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी हैं, जो रोजाना अभ्यास के साथ खेल के प्रति समर्पित रहती हैं।

# विधायक ने की मोदी की रैली में शामिल होने की अपील

- बड़ी संख्या में रैली में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुने : विधायक कृष्णा गहलावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई



राई। जन विश्वास-जन विकास रैली' का राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत ग्रामीणों को निमंत्रण देते हुए ।

हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 17 अक्टूबर को राजीव गांधी एजुकेशन सिटी, सोनीपत में होने वाली 'जन विश्वास-जन विकास रैली' की तैयारियां जोरों पर हैं। राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने क्षेत्रवासियों से बड़ी संख्या में रैली में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनने और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत होने की अपील की है।

#### हरियाणा विकास रैली में भविष्य योजनाओं का संदेश

विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने बीते वर्षों में हरियाणा के हर क्षेत्र के विकास के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं। चाहे बात सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई या औद्योगिक विकास की हो, हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ हासिल की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से अग्रसर है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ा रहे हैं। रैली में न केवल राज्य की उपलब्धियों की झलक दिखाई जाएगी, बल्कि भविष्य की योजनाओं की घोषणा होगी, जिससे हरियाणा के युवाओं, किसानों और महिलाओं को और अधिक सशक्त किया जा सके। विधायक गहलावत ने कहा कि यह रैली किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की रैली है। इस मौके पर बहालगढ़ में राजेश सरपंच, कुलदीप नांगल पूर्व चैयरमैन, अमिल अतिल, भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आतिल, जे. पी. रेवली, संजय चैयरमेन, अजली बजाज, नरेन्द्र धीमान, अमित नाहरा, रोहित शिमला देवी आदि रहे।

### सुपात्र और कुपात्र देखकर ही दान दें : आचार्य वेदप्रकाश

**गोहाना।** आर्य समाज गोहाना मंडी का 40वां वेद प्रचार महोत्सव रविवार को सम्पन्न हो गया। यह समारोह शहर में गुढ़ा रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में आयोजित हुआ। समारोह में प्रातः यज्ञ के बाद मथुरा से उदयवीर शास्त्री ने भजन प्रस्तुति किए और योगाचार्य सूर्यदेव ने स्वास्थ्य का महत्व बताया। अध्यक्षता आर्य समाज गोहाना मंडी इकाई के अध्यक्ष धर्मपाल आर्य ने की। मुख्य वक्ता हिमाचल प्रदेश से वैदिक विद्वान वेद प्रकाश ने कहा कि जीवन में दान का बहुत महत्व है। जीवन में सामर्थ्य होते हुए मन में देने का भाव होना जरूरी है। लेकिन दान हमेशा सुपात्र और कुपात्र देखकर ही दें। सुपात्र को दान देने से ही दान की उत्तम गति होती है। धर्म की स्थापना में दान का विशेष महत्व है। दान करने से व्यक्ति में श्रद्धा की भावना का विकास होता है। समारोह में कैवल्य मुनि ने भी वेदों का अनुसरण करने पर बल दिया। समारोह में जेई रामपाल, रामचंद्र नरवाल, मास्टर अजीत आर्य, सत्यनारायण आर्य, मास्टर प्रदीप आर्य, अनिल सांगवान, सत्यवीर आर्य, प्रेम सांगवान, मास्टर बिजेंद्र आर्य, एडवोकेट इंद्र सिंह भनवाला आदि रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 से.मी<br>10×8 से.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/-<br>+5% GST Extra |

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कोई रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# राज्य स्कूल जूडो चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 2 पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा



खरखौदा। पदक विजेताओं का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधन।

कैथल में आयोजित हरियाणा स्कूल राज्य स्तरीय जूडो चैम्पियनशिप में प्रताप स्कूल, खरखौदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 पदक जीतकर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया। स्नेहा ने अंडर 19 आयु वर्ग 63 किग्रा में तथा मयंक ने अंडर 17 आयु वर्ग 73 किग्रा में रजत पदक जीतकर सोनीपत जिले व प्रताप स्कूल का नाम रोशन किया। विद्यालय परिसर में खिलाड़ियों के पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत द्रोणाचार्य अवार्डी ओमप्रकाश दहिया, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया, प्राचार्या दया दहिया, अभिभावकों, कोच रोहित व मोहित पंवार द्वारा किया गया। सभी ने पदक विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधान वेदप्रकाश दहिया एवं संस्थापक सतप्रकाश दहिया ने भी खिलाड़ियों को विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय की खिलाड़ी स्नेहा और मयंक पहले भी नेशनल लेवल पर पदक प्राप्त कर हरियाणा का मान बढ़ा चुके हैं। एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि sखिलाड़ियों ने अपनी जीत का श्रेय अपनी कडी मेहनत, माता पिता, कोच व प्रताप विद्यालय प्रबंधन समिति को दिया।

# छात्रों के मार्गदर्शन के लिए कक्षा प्रबंधन जरूरी

- केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जेकेआर स्कूल में शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना



गोहाना। शिक्षकों को जरूरी टिप्स देते हुए प्रवक्ता मुकेश रानी। फोटो : हरिभूमि

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा महम रोड पर गुढ़ा चुंगी के समीप स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल गोहाना में शिक्षकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षाविद् महेंद्र पाराशर की देखरेख में आयोजित हुआ। स्कूल की प्राचार्या नीतू आर्या ने वक्ताओं को पुष्पगुच्छ भेंट करके स्वागत किया।

मुख्य प्रवक्ता मुकेश रानी ने कहा कि विद्यार्थियों के उचित मार्गदर्शन के लिए एक शिक्षक को कक्षा प्रबंधन की जानकारी होना अति आवश्यक है। कक्षा प्रबंधन विद्यार्थियों को सीखने का उचित माहौल मिलता है जिससे उनका शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास होता है। व्यवस्थित कक्षा में व्यवहार संबंधी समस्याएं बहुत कम होती हैं और विद्यार्थियों की भागीदारी बढ़ती है। कक्षा प्रबंधन से सभी विद्यार्थी आवश्यक नियमों और अपेक्षाओं को समझ पाते हैं। कार्यक्रम में वक्ता मुकेश रानी ने शिक्षकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पाठ योजना, पीआईएसए, विद्यार्थियों का आकलन और मूल्यांकन संबंधी जानकारियां भी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 अक्तूबर से शुरू हुआ था जिसका रविवार को समापन हो गया।

### भाजपा के कार्यकाल में एससी व बीसी वर्ग के साथ अन्याय और अत्याचार बढ़ा : कमल दिवान

# वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान: जनसभा व पदयात्रा में लगाए नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

गन्नौर स्थित बीएसटी में रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी शहरी अध्यक्ष कमल दिवान की अध्यक्षता में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर उत्साहपूर्वक जनसभा को सफल बनाया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि मौजूदा सरकार जनता के विश्वास पर खरी नहीं उतरी है और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर कर रही है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा करें। जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा कार्यकाल में एससी व बीसी वर्ग के साथ अन्याय और अत्याचार बढ़ा है। कांग्रेस पार्टी हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और जनता पर हो रहे अत्याचारों को बर्दाश्त नहीं करेगी।यह अभियान क्षेत्र में राजनीतिक चेतना और जनजागरण का प्रतीक बन गया। सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा रैली निकालकर वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे लगाए और जनसमर्थन का प्रदर्शन किया।



जनसभा के दौरान नारे लगाते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष कमल दिवान एवं अन्य।

#### ये रहे मौजूद

रैली में प्रेम आंतिल, अजय बेदी राठी, मनीराम नंबरदार, नरेश नंबरदार, सुखबीर कटारिया, राजेश छिक्कारा, एनडी भारद्वाज, जगदीश ककड़, जमना स्वरूप, राजेश, सुरेंद्र बैनिवाल, बिजेंद्र नांढल, शक्ति मलिक, ऋषिराज शर्मा, लीलू प्रधान, प्रेम रेलन, अमनदीप, संजय टूडेजा, राकेश सौदा, इश्क मदार, अशोक शर्मा, कृष्णा बुमराह, कुलदीप खासा, देवेंद्र, हीरालाल कौशिक, आर्यन शर्मा और नरेंद्र गोयल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।